MA-I.P.R

**14P/229/4**

Question Booklet No......................

*(To be filled up by the candidate by blue/black ball-point pen)*

| Roll No. | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

Roll No.
*(Write the digits in words)* ...............................................................................................

Serial No. of OMR Answer Sheet ...............................................

Day and Date ........................................................................ ........................................................ (Signature of Invigilator)

## INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

(Use only **blue/black ball-point pen** in the space above and on both sides of the Answer Sheet)

1. Within 10 minutes of the issue of the Question Booklet, check the Question Booklet to ensure that it contains all the pages in correct sequence and that no page/question is missing. In case of faulty Question Booklet bring it to the notice of the Superintendent/Invigilators immediately to obtain a fresh Question Booklet.
2. Do not bring any loose paper, written or blank, inside the Examination Hall *except the Admit Card without its envelope.*
3. A separate Answer Sheet is given. *It should not be folded or mutilated. A second Answer Sheet shall not be provided. Only the Answer Sheet will be evaluated.*
4. Write your *Roll Number and Serial Number of the Answer Sheet by pen* in the space provided above.
5. **On the front page of the Answer Sheet, write by pen your Roll Number in the space provided at the top, and by darkening the circles at the bottom. Also, wherever applicable, write the Question Booklet Number and the Set Number in appropriate places.**
6. No overwriting is allowed in the entries of Roll No., Question Booklet No. and Set No. (if any) on OMR sheet and also Roll No. and OMR Sheet No. on the Question Booklet.
7. Any change in the aforesaid entries is to be verified by the invigilator, otherwise it will be taken as unfair means.
8. Each question in this Booklet is followed by four alternative answers. *For each question, you are to record the correct option on the Answer Sheet by darkening the appropriate circle* in the corresponding row of the Answer Sheet, by ball-point pen as mentioned in the guidelines given on the first page of the Answer Sheet.
9. For each question, darken only one circle on the Answer Sheet. If you darken more than one circle or darken a circle partially, the answer will be treated as incorrect.
10. *Note that the answer once filled in ink cannot be changed.* If you *do not wish to attempt* a question, leave all the circles in the corresponding row blank (such question will be awarded zero mark).
11. For rough work, use the inner back page of the title cover and the blank page at the end of this Booklet.
12. Deposit *only the OMR Answer Sheet* at the end of the Test.
13. You are not permitted to leave the Examination Hall until the end of the Test.
14. If a candidate attempts to use any form of unfair means, he/she shall be liable to such punishment as the University may determine and impose on him/her.

[उपर्युक्त निर्देश हिन्दी में अन्तिम आवरण-पृष्ठ पर दिये गए हैं]

[No. of Printed Pages : 44+2

**No. of Questions/प्रश्नों की संख्या : 150**

**Time/समय** : 2 Hours/घण्टे **Full Marks/पूर्णांक** : 450

**Note :** (1) Attempt as many questions as you can. Each question carries 3 marks. **One mark will be deducted for each incorrect answer. Zero mark will be awarded for each unattempted question.**

अधिकाधिक प्रश्नों को हल करने का प्रयत्न करें। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक अंक काटा जाएगा। प्रत्येक अनुत्तरित प्रश्न का प्राप्तांक शून्य होगा।

(2) If more than one alternative answers seem to be approximate to the correct answer, choose the closest one.

यदि एकाधिक वैकल्पिक उत्तर सही उत्तर के निकट प्रतीत हों, तो निकटतम सही उत्तर दें।

1. Carvaka believes that
   (1) there is no consciousness
   (2) consciousness is a product of matter
   (3) consciousness is the reality
   (4) consciousness is an attribute of soul

   चार्वाक मानता है कि
   (1) चेतना होती ही नहीं
   (2) चेतना जड़ तत्व का उत्पाद है
   (3) चेतना ही सत् है
   (4) चेतना आत्मा का धर्म है

**2.** According to the Carvaka, inference is not a means of valid knowledge because

(1) inference contradicts perception

(2) inference proves the existence of self

(3) existence proves rebirth

(4) relation of Vyapti cannot be conclusively established

चार्वाक के अनुसार अनुमान वैध प्रमाण नहीं है, क्योंकि

(1) अनुमान प्रत्यक्ष का खंडन करता है

(2) अनुमान आत्मा की सत्ता सिद्ध करता है

(3) अनुमान पुनर्जन्म सिद्ध करता है

(4) व्याप्ति का सम्बन्ध निश्चयात्मक रूप से स्थापित नहीं हो सकता

**3.** The Carvaka Philosophy is called heterodox because

(1) it rejects God (2) it rejects soul

(3) it rejects the Vedas (4) it rejects heaven and hell

चार्वाक दर्शन नास्तिक कहा जाता है, क्योंकि वह

(1) ईश्वर को अस्वीकार करता है (2) आत्मा को अस्वीकार करता है

(3) वेदों को अस्वीकार करता है (4) स्वर्ग तथा नरक को अस्वीकार करता है

**4.** Which one of the following are called allied systems?

(1) Carvaka and Jainism (2) Jainism and Buddhism

(3) Samkhya and Vedanta (4) Nyaya and Vaisesika

निम्नलिखित में से कौन समानतंत्र कहे जाते हैं?

(1) चार्वाक तथा जैनधर्म
(2) जैनधर्म तथा बौद्धधर्म
(3) सांख्य तथा वेदान्त
(4) न्याय तथा वैशेषिक

5. Which one of the following is accepted by Buddhism?

(1) No soul, no Karma
(2) No soul, no rebirth
(3) No soul, no memory
(4) No soul but rebirth

बौद्ध दर्शन निम्नलिखित में से किसे स्वीकार करता है?

(1) न आत्मा, न कर्म
(2) न आत्मा, न पुनर्जन्म
(3) न आत्मा, न स्मृति
(4) आत्मा नहीं किन्तु पुनर्जन्म

6. Which one of the following is not accepted by Buddhism?

(1) All is changing
(2) All is one
(3) All is suffering
(4) All is caused

बौद्ध दर्शन निम्नलिखित में से किसे नहीं मानता?

(1) सब कुछ परिवर्तनशील है
(2) सब कुछ एक है
(3) सब कुछ दुःखपूर्ण है
(4) सब कुछ उत्पन्न है

7. Which one of the following schools of Buddhism believes that object is known inferentially?

(1) Sautrantika (2) Vaibhasika (3) Vijnanavada (4) Sunyavada

बौद्ध दर्शन का निम्नलिखित में से कौन सम्प्रत्यय यह मानता है कि पदार्थ का ज्ञान अनुमान से होता है?

(1) सौत्रांतिक (2) वैभाषिक (3) विज्ञानवाद (4) शून्यवाद

**8.** The view that the internal idea appears as object is held by

(1) Vaibhasika (2) Sautrantika (3) Vijnanavada (4) Sunyavada

आन्तरिक विज्ञान वस्तु के रूप में प्रतीत होता है—यह मत किसका है?

(1) वैभाषिक (2) सौत्रांतिक (3) विज्ञानवाद (4) शून्यवाद

**9.** The view that Nirvana is of the nature of absence is held by

(1) Sunyavada (2) Vijnanavada (3) Vaibhasika (4) Sautrantika

निर्वाण अभाव रूप है—इस मत को मानता है

(1) शून्यवाद (2) विज्ञानवाद (3) वैभाषिक (4) सौत्रांतिक

**10.** The concept of Prajnaparamita is associated with

(1) Vijnanavada (2) Sunyavada (3) Sautrantika (4) Vaibhasika

प्रज्ञापारमिता की अवधारणा किससे सम्बन्धित है?

(1) विज्ञानवाद (2) शून्यवाद (3) सौत्रांतिक (4) वैभाषिक

**11.** The Jaina Philosophy may be called

(1) realism and deism
(2) realism and spiritualism
(3) realism and monism
(4) realism and materialism

जैन दर्शन को कहा जा सकता है

(1) वस्तुवाद तथा केवलनिमित्तेश्वरवाद
(2) वस्तुवाद तथा अध्यात्मवाद
(3) वस्तुवाद तथा एकतत्त्ववाद
(4) वस्तुवाद तथा भौतिकवाद

12. Which one of the following is opposed by the Jaina Anekantavada?

(1) The Buddhist view of reality

(2) The Vedantika view of reality

(3) Both the Buddhist and the Vedantika views of reality

(4) None of the above

जैन अनेकान्तवाद निम्नलिखित में से किसका विरोध करता है?

(1) सत् सम्बन्धी बौद्ध मत का

(2) सत् सम्बन्धी वेदान्त मत का

(3) सत् सम्बन्धी बौद्ध तथा वेदान्त मत दोनों का

(4) उपरोक्त में से किसी का नहीं

13. According to Jainism, reality has many attributes but

(1) only some of them are real
(2) all of them are real
(3) none of them are real
(4) only one of them is real

जैन दर्शन के अनुसार सत् के अनेक लक्षण हैं, किन्तु

(1) उनमें से केवल कुछ सत् हैं
(2) उनमें से सभी सत् हैं
(3) उनमें से कोई सत् नहीं है
(4) उनमें से केवल एक सत् है

14. The Jiva according to Jainism is

(1) of the size of body
(2) atomic
(3) all pervasive
(4) unchanging

जैन दर्शन के अनुसार जीव है

(1) शरीर के आकार वाला (2) परमाणु रूप

(3) विभु रूप (4) अपरिवर्तनशील

15. The Jiva according to Jainism

(1) is partless (2) has infinite parts

(3) is one (4) is consciousness as such

जैन दर्शन के अनुसार जीव

(1) निरवयव है (2) अनन्त अवयवों से युक्त है

(3) एक है (4) चैतन्य ही है

16. The Jaina Philosophy advocates

(1) pluralism (2) idealism (3) skepticism (4) dogmatism

जैन दर्शन प्रतिपादित करता है

(1) अनेकतावाद (2) प्रत्ययवाद (3) संदेहवाद (4) हठवाद

17. According to Jainism, the Bondage of the Jiva is

(1) unreal (2) imaginary

(3) Both real and unreal (4) real

जैन दर्शन के अनुसार जीव का बंधन है

(1) अवास्तविक (2) काल्पनिक

(3) वास्तविक तथा अवास्तविक दोनों (4) वास्तविक

**18.** Which one of the following is not a feature of Jainism?

(1) Realism (2) Pluralism (3) Relativism (4) Absolutism

निम्नलिखित में से कौन जैन दर्शन का लक्षण नहीं है?

(1) वस्तुवाद (2) अनेकतावाद (3) सापेक्षतावाद (4) निरपेक्षतावाद

**19.** Which one of the following believes that the world is like a dream?

(1) Carvaka (2) Advaita Vedanta

(3) Yogacara Vijnanavada (4) Madhyamika Sunyavada

निम्नलिखित में से कौन मानता है कि जगत् स्वप्नवत् है?

(1) चार्वाक (2) अद्वैत वेदान्त (3) योगाचार विज्ञानवाद (4) माध्यमिक शून्यवाद

**20.** Which one of the following believes that God is only the efficient cause of the world?

(1) Mimamsa (2) Visistadvaita Vedanta

(3) Advaita Vedanta (4) Nyaya

निम्नलिखित में से कौन मानता है कि ईश्वर जगत् का केवल निमित्त कारण है?

(1) मीमांसा (2) विशिष्टाद्वैत वेदान्त (3) अद्वैत वेदान्त (4) न्याय

**21.** The first evolute of the Samkhya theory of creation is

(1) Buddhi (2) Ego (3) Mind (4) Sense-organs

सांख्य के सृष्टि सिद्धान्त का पहला विकास है

(1) बुद्धि (2) अहंकार (3) मन (4) इंद्रियाँ

**22.** Purusa according to the Samkhya is

(1) cause of creation

(2) effect of creation

(3) Both cause and effect of creation

(4) Neither cause nor effect of creation

सांख्य के अनुसार पुरुष है

(1) सृष्टि का कारण (2) सृष्टि का कार्य

(3) सृष्टि का कारण और कार्य दोनों (4) न सृष्टि का कारण, न कार्य

**23.** The objective world according to the Samkhya is

(1) distortion of Prakriti (2) modification of Prakriti

(3) different from Prakriti (4) independent of Prakriti

सांख्य के अनुसार वस्तु-जगत् है

(1) प्रकृति का विवर्त (2) प्रकृति का परिणाम (3) प्रकृति से भिन्न (4) प्रकृति से स्वतंत्र

**24.** Which one of the following is the feature of Sattva Guna according to the Samkhya Philosophy?

(1) Pleasure (2) Heaviness (3) Activity (4) Pain

सांख्य दर्शन के अनुसार निम्नलिखित में से सत्त्व गुण का लक्षण कौन है?

(1) आनन्द (2) गुरुता (3) क्रिया (4) दुःख

**25.** Which one of the following cannot be attributed to the Samkhya Purusa?

(1) Knower (2) Enjoyer

(3) Beyond qualities (4) Ground of consciousness

निम्नलिखित में से किसे सांख्य पुरुष के साथ नहीं जोड़ा जा सकता?

(1) ज्ञाता (2) भोक्ता (3) गुणातीत (4) चेतना का आश्रय

26. The Samkhya Purusa is

(1) knower only
(2) enjoyer only
(3) knower and enjoyer
(4) knower, enjoyer and agent

सांख्य का पुरुष है

(1) केवल ज्ञाता
(2) केवल भोक्ता
(3) ज्ञाता तथा भोक्ता
(4) ज्ञाता, भोक्ता तथा कर्ता

27. The piece of Sandalwood is good smelling—this knowledge according to the Nyaya is detained through

(1) perception
(2) Jnanalaksana perception
(3) Samanyalaksana perception
(4) inference

चंदन सुगन्धित है—न्याय दर्शन के अनुसार यह ज्ञान किससे होता है?

(1) प्रत्यक्ष (2) ज्ञानलक्षण प्रत्यक्ष (3) सामान्यलक्षण प्रत्यक्ष (4) अनुमान

28. According to the Nyaya, knowledge is

(1) intrinsically valid
(2) intrinsically invalid
(3) extrinsically invalid
(4) intrinsically valid and intrinsically invalid

43. The propounder of the Mimamsa system is supposed to be

(1) Kumarila (2) Sabara (3) Jaimini (4) Prabhakara

मीमांसा दर्शन के प्रवर्तक माने जाते हैं

(1) कुमारिल (2) शाबर (3) जैमिनि (4) प्रभाकर

44. The subject-matter of the Vedas according to the Mimamsa is

(1) action (2) knowledge (3) Brahman (4) devotion

मीमांसा के अनुसार वेदों का प्रतिपाद्य है

(1) कर्म (2) ज्ञान (3) ब्रह्म (4) भक्ति

45. Mimamsa believes in

(1) Paratah Pramana (2) Svatah Pramana

(3) Svatah Apramana (4) Svatah Apramana, Paratah Pramana

मीमांसा मानता है

(1) परतः प्रमाण (2) स्वतः प्रमाण

(3) स्वतः अप्रमाण (4) स्वतः अप्रमाण, परतः प्रमाण

46. The concept of Triputipratyaksa is accepted by

(1) Kumarila (2) Murari

(3) Both Kumarila and Murari (4) Prabhakara

त्रिपुटीप्रत्यक्ष की अवधारणा स्वीकार करते हैं

(1) कुमारिल (2) मुरारी

(3) कुमारिल तथा मुरारी दोनों (4) प्रभाकर

**47.** Apurva according to the Mimamsa is

(1) substance (2) quality

(3) conscious principle (4) a quality of God

मीमांसा दर्शन के अनुसार अपूर्व है

(1) एक द्रव्य (2) एक गुण (3) चेतन तत्त्व (4) ईश्वर का गुण

**48.** Which one of the following is not counted in the Prasthanatrayi of the Vedanta?

(1) Rigveda (2) Brahma Sutras

(3) Upanishads (4) Gita

निम्नलिखित में से कौन वेदान्त के प्रस्थानत्रयी में नहीं गिना जाता?

(1) ऋग्वेद (2) ब्रह्मसूत्र (3) उपनिषद (4) गीता

**49.** The author of *Sarirakabhasya* is

(1) Ramananda (2) Ramanuja (3) Samkara (4) Madhva

*शारीरकभाष्य* के रचयिता हैं

(1) रामानन्द (2) रामानुज (3) शंकर (4) मध्व

**50.** Ignorance according to Samkara is

(1) real (2) unreal

(3) Both real and unreal (4) Neither real nor unreal

शंकर के अनुसार अज्ञान है

(1) सत् (2) असत्

(3) सत् एवं असत् दोनों (4) न सत्, न असत्

**51.** According to Samkara, ignorance is removed by

(1) Brahman (2) knowledge of Brahman

(3) devotion to Brahman (4) disinterested action

शंकर के अनुसार अज्ञान दूर होता है

(1) ब्रह्म द्वारा (2) ब्रह्म-ज्ञान द्वारा (3) ब्रह्म-भक्ति द्वारा (4) निष्काम कर्म द्वारा

**52.** According to Samkaracarya, activity belongs to

(1) body (2) consciousness (3) God (4) Ego

शंकराचार्य के अनुसार क्रिया होती है

(1) शरीर में (2) चेतना में (3) ईश्वर में (4) अहंकार में

**53.** Knowledge according to Samkaracarya is

(1) mental activity (2) bodily activity

(3) subject-dependent (4) object-dependent

शंकराचार्य के अनुसार ज्ञान है

(1) मानसिक क्रिया (2) शारीरिक क्रिया (3) ज्ञातातंत्र (4) वस्तुतंत्र

**54.** Which one of the following is not subscribed to by Samkaracarya?

(1) Sadyahmukti (2) Videhamukti (3) Kramamukti (4) Jivanamukti

निम्नलिखित में से किसे शंकराचार्य नहीं मानते?

(1) सद्यःमुक्ति (2) विदेहमुक्ति (3) क्रममुक्ति (4) जीवनमुक्ति

**55.** Locus of Maya according to Samkaracarya is

(1) ignorance (2) world (3) ego (4) Brahman

शंकराचार्य के अनुसार माया का आश्रय है

(1) अज्ञान (2) जगत् (3) अहंकार (4) ब्रह्म

**56.** The world according to Ramanuja is

(1) real
(2) unreal
(3) Both real and unreal
(4) Neither real nor unreal

रामानुज के अनुसार जगत् है

(1) सत्
(2) असत्
(3) सत् एवं असत् दोनों
(4) न सत्, न असत्

**57.** According to Ramanuja, Cit is related to Acit because of

(1) God's will
(2) Human action
(3) God's will and human action
(4) their natural relation

रामानुज के अनुसार चित् का अचित् से सम्बन्ध होता है

(1) ईश्वर की इच्छा के कारण
(2) मनुष्य के कर्म के कारण
(3) ईश्वर की इच्छा तथा मनुष्य के कर्म के कारण
(4) उनके स्वाभाविक सम्बन्ध के कारण

**58.** The relation that obtains between Cit and God is called by Ramanuja

(1) Samyoga
(2) Aprithaksiddhi
(3) Samavaya
(4) Difference

चित् तथा ईश्वर के बीच के सम्बन्ध को रामानुज कहते हैं

(1) संयोग (2) अपृथक्सिद्धि (3) समवाय (4) भेद

**59.** The author of *Life Divine* is

(1) Sri Aurobindo (2) Radhakrishnan

(3) Maharshi Dayananda (4) Gandhi

*लाइफ डिवाइन (दिव्य जीवन)* के लेखक हैं

(1) श्री अरविन्द (2) राधाकृष्णन् (3) महर्षि दयानन्द (4) गाँधी

**60.** Sri Aurobindo's concept of evolution is

(1) mechanical (2) physical (3) purposive (4) natural

श्री अरविन्द की विकास की अवधारणा है

(1) यांत्रिक (2) भौतिक (3) उद्देश्यपरक (4) प्राकृतिक

**61.** The world according to Sri Aurobindo is

(1) Neither real nor unreal (2) Both real and unreal

(3) unreal (4) real

श्री अरविन्द के अनुसार जगत् है

(1) न सत्, न असत् (2) सत् एवं असत् दोनों

(3) असत् (4) सत्

**62.** Which one of the following is known as the 'bridge between India and the West'?

(1) Vivekananda (2) Radhakrishnan

(3) Gandhi (4) Tagore

निम्नलिखित में से कौन 'भारत तथा पश्चिम के बीच सेतु' के रूप में जाना जाता है?

(1) विवेकानन्द (2) राधाकृष्णन् (3) गाँधी (4) टैगोर

**63.** Which one of the following is superior knowledge according to Vivekananda?

(1) Perceptual knowledge
(2) Inferential knowledge
(3) Intuitive knowledge
(4) Knowledge by comparison

विवेकानन्द के अनुसार निम्नलिखित में से कौन श्रेष्ठ ज्ञान है?

(1) प्रत्यक्षात्मक ज्ञान
(2) आनुभविक ज्ञान
(3) प्रातिभ ज्ञान
(4) उपमान से प्राप्त ज्ञान

**64.** 'Back to the Vedas' is associated with

(1) Vivekananda
(2) Gandhi
(3) Radhakrishnan
(4) Dayananda

'वेदों की ओर वापस चलें' किससे सम्बद्ध है?

(1) विवेकानन्द (2) गाँधी (3) राधाकृष्णन् (4) दयानन्द

**65.** According to Vivekananda, God is

(1) Both personal and impersonal
(2) personal
(3) impersonal
(4) Neither personal nor impersonal

विवेकानन्द के अनुसार ईश्वर है

(1) वैयक्तिक तथा निर्वैयक्तिक दोनों
(2) वैयक्तिक
(3) निर्वैयक्तिक
(4) न वैयक्तिक, न निर्वैयक्तिक

**66.** Which one of the following is true of Gandhi?

(1) God is superior to truth
(2) Truth is superior to Ahimsa
(3) Ahimsa is superior to truth
(4) Truth is God

गाँधी के विषय में निम्नलिखित में से कौन सही है?

(1) ईश्वर सत्य से श्रेष्ठ है
(2) सत्य अहिंसा से श्रेष्ठ है
(3) अहिंसा सत्य से श्रेष्ठ है
(4) सत्य ईश्वर है

**67.** Which one of the following is associated with the elimination of Satipratha?

(1) Gandhi
(2) Raja Ram Mohan Roy
(3) Sri Aurobindo
(4) Tagore

निम्नलिखित में से कौन सतीप्रथा के उन्मूलन से सम्बद्ध है?

(1) गाँधी
(2) राजा राममोहन राय
(3) श्री अरविन्द
(4) टैगोर

**68.** According to Plato, ideas reside in

(1) man's mind
(2) God's mind
(3) their own world
(4) imaginary world

प्लेटो के अनुसार प्रत्यय रहते हैं

(1) मनुष्य के मन में
(2) ईश्वर के मन में
(3) अपने स्वयं के जगत् में
(4) काल्पनिक जगत् में

69. According to Plato

(1) there is one universal

(2) there are many universals

(3) universal is derived from particulars

(4) universal is changing

प्लेटो के अनुसार

(1) सामान्य एक है (2) सामान्य अनेक हैं

(3) सामान्य विशेषों से निकाला गया है (4) सामान्य अनित्य है

70. "You cannot enter twice into the same river." This view is held by

(1) Zeno (2) Heraclitus (3) Socrates (4) Plato

''आप दुबारा उसी नदी में स्नान नहीं कर सकते।'' यह मत किसका है?

(1) ज़ीनो (2) हेराक्लाइटस (3) सुकरात (4) प्लेटो

71. "Reality is number." This view is held by

(1) Pythagoras (2) Thales (3) Plato (4) Aristotle

''सत् संख्या है।'' यह मत किसका है?

(1) पाइथागोरस (2) थेलीज़ (3) प्लेटो (4) अरस्तू

72. "Knowledge is virtue." This view is held by

(1) Plato (2) Aristotle (3) Socrates (4) Plotinus

''ज्ञान सद्गुण है।'' यह मत किसका है?

(1) प्लेटो (2) अरस्तू (3) सुकरात (4) प्लॉटिनस

**73.** According to Aristotle, the real is

(1) particular (2) universal

(3) indeterminate (4) concrete universal

अरस्तू के अनुसार सत् है

(1) विशेष (2) सामान्य (3) अनिश्चित स्वरूप (4) मूर्त सामान्य

**74.** According to Aristotle, God is

(1) pure potentiality

(2) pure actuality

(3) Both pure potentiality and pure actuality

(4) Neither pure potentiality nor pure actuality

अरस्तू के अनुसार ईश्वर है

(1) शुद्ध शक्यता (2) शुद्ध वास्तविकता

(3) शुद्ध शक्यता तथा शुद्ध वास्तविकता दोनों (4) न शुद्ध शक्यता, न शुद्ध वास्तविकता

**75.** Aristotle is

(1) idealist (2) subjective idealist

(3) monist (4) realist

अरस्तू हैं

(1) प्रत्ययवादी (2) आत्मगत प्रत्ययवादी (3) एकतत्त्ववादी (4) वस्तुवादी

**76.** The concept of 'unmoved mover' in Aristotle's Philosophy stands for

(1) God (2) matter (3) ideas (4) mind

अरस्तू के दर्शन में 'अचल चालक' संकेत करता है

(1) ईश्वर का (2) जड़तत्त्व का (3) प्रत्ययों का (4) मन का

77. Which one of the following believes that reality is everchanging?

(1) Plato (2) Heraclitus (3) Aristotle (4) Thales

निम्नलिखित में से कौन मानता है कि सत् निरन्तर परिवर्तनशील है?

(1) प्लेटो (2) हेराक्लाइटस (3) अरस्तू (4) थेलीज़

78. "Man is the measure of all things." This view is held by

(1) Socrates (2) Plato (3) Aristotle (4) Protagoras

"मनुष्य ही सभी चीज़ों का प्रमाण है।" यह मत किसका है?

(1) सुकरात (2) प्लेटो (3) अरस्तू (4) प्रोटैगोरस

79. "I think therefore I am." This according to Descartes is

(1) deductive truth

(2) inductive truth

(3) self-evident truth

(4) Both deductive and inductive truth

"मैं सोचता हूँ इसलिए मैं हूँ।" यह देकार्ते के अनुसार है

(1) निगमनात्मक सत्य (2) आगमनात्मक सत्य

(3) स्वयंसिद्ध सत्य (4) निगमनात्मक तथा आगमनात्मक सत्य दोनों

**80.** The world according to Descartes' is real because

(1) it is perceived (2) it is the cause of perception

(3) its existence is self-evident (4) it is God's creation

देकार्त के अनुसार जगत् सत् है, क्योंकि

(1) उसका प्रत्यक्ष होता है (2) वह प्रत्यक्ष का कारण है

(3) उसकी सत्ता स्वयंसिद्ध है (4) वह ईश्वर की रचना है

**81.** Which one of the following advocates interactionism to solve the relation of mind-body problem?

(1) Descartes (2) Spinoza (3) Leibnitz (4) Malebranche

मन-शरीर सम्बन्ध की समस्या के समाधान के लिए निम्नलिखित में से कौन क्रियाप्रतिक्रियावाद का समर्थन करता है?

(1) देकार्त (2) स्पिनोजा (3) लाइबनिट्ज़ (4) मेलाब्राँ

**82.** Which one of the following cannot be associated with Descartes?

(1) Dualism (2) Theism (3) Pantheism (4) Interactionism

निम्नलिखित में से किसे देकार्त के साथ नहीं जोड़ा जा सकता?

(1) द्वैतवाद (2) ईश्वरवाद (3) सर्वेश्वरवाद (4) क्रियाप्रतिक्रियावाद

**83.** Which one of the following cannot be attributed to Descartes?

(1) God creates everything

(2) God creates a thing which is good

(3) A thing is good because God creates it

(4) God is not immanent in the world

निम्नलिखित में से किसे देकार्त के साथ नहीं जोड़ा जा सकता?

(1) ईश्वर सब कुछ का रचयिता है

(2) ईश्वर उसी वस्तु को उत्पन्न करता है जो शुभ है

(3) कोई वस्तु शुभ है क्योंकि वह ईश्वर-रचित है

(4) ईश्वर जगत् में अन्तर्व्याप्त नहीं है

**84.** The essence of mind according to Descartes is

(1) thought
(2) activity
(3) extension
(4) thought and activity

देकार्त के अनुसार मन का लक्षण है

(1) विचार
(2) क्रिया
(3) विस्तार
(4) विचार तथा क्रिया

**85.** God according to Spinoza is

(1) immanent in the world
(2) transcendent to the world
(3) Both immanent and transcendent
(4) object of worship

स्पिनोजा के अनुसार ईश्वर है

(1) विश्वरूप
(2) विश्वातीत
(3) विश्वरूप तथा विश्वातीत दोनों
(4) पूजा का विषय

**86.** Which one of the following is true according to Spinoza?

(1) Thought and extension are independent substances

(2) They are the only two known attributes of God

(3) They are the only attributes of God

(4) They influence each other

निम्नलिखित में से कौन स्पिनोजा के अनुसार सही है?

(1) विचार और विस्तार स्वतंत्र द्रव्य हैं
(2) वे ईश्वर के मात्र दो गुण हैं
(3) वे ईश्वर के दो ज्ञात गुण हैं
(4) वे एक-दूसरे को प्रभावित करते हैं

87. Spinoza solves the problem of mind-body relation through

(1) occasionalism
(2) parallelism
(3) interactionism
(4) pre-established harmony

स्पिनोजा मन-शरीर सम्बन्ध की समस्या का समाधान करता है

(1) अवसरवाद द्वारा
(2) समानान्तरवाद द्वारा
(3) क्रियाप्रतिक्रियावाद द्वारा
(4) पूर्व-स्थापित सामंजस्य द्वारा

88. Spinoza believes that

(1) God creates the world
(2) God has a purpose in creating the world
(3) God is an object of worship
(4) God is the ground of the world

स्पिनोजा मानता है कि

(1) ईश्वर जगत् की रचना करता है
(2) जगत् की रचना में ईश्वर का प्रयोजन है
(3) ईश्वर पूजा का विषय है
(4) ईश्वर जगत् का आधार है

89. Spinoza can be said to be a

(1) monist
(2) dualist
(3) pluralist
(4) subjective idealist

स्पिनोज़ा को कहा जा सकता है

(1) एकतत्त्ववादी (2) द्वैतवादी (3) अनेकतत्त्ववादी (4) आत्मगत प्रत्ययवादी

**90.** Spinoza's system is

(1) indeterministic (2) deterministic

(3) utilitarian (4) pragmatic

स्पिनोज़ा का दर्शन है

(1) अनिर्धारणवादी (2) निर्धारणवादी (3) उपयोगितावादी (4) अर्थक्रियावादी

**91.** The mark of substance according to Leibnitz is

(1) materiality (2) independence (3) divisibility (4) force

लाइबनिट्ज़ के अनुसार द्रव्य का लक्षण है

(1) भौतिकता (2) स्वतंत्रता (3) विभाज्यता (4) शक्ति

**92.** Which one of the following is not true according to Leibnitz?

(1) Monads do not influence each other

(2) Monads are windowless

(3) Monads are related

(4) Monads have no relation

लाइबनिट्ज़ के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सही नहीं है?

(1) चिद्बिन्दु एक-दूसरे को प्रभावित नहीं करते

(2) चिद्बिन्दु गवाक्षरहित हैं

(3) चिद्बिन्दु सम्बन्धित हैं

(4) चिद्बिन्दुओं में सम्बन्ध नहीं हैं

93. According to Leibnitz

(1) there is natural harmony in monads

(2) there is no harmony in monads

(3) God sets the harmony once for all

(4) God sets the harmony from time to time

लाइबनिट्ज के अनुसार

(1) चिद्‌बिन्दुओं में स्वाभाविक सामंजस्य है

(2) चिद्‌बिन्दुओं में सामंजस्य नहीं है

(3) ईश्वर हमेशा के लिए सामंजस्य स्थापित कर देता है

(4) ईश्वर समय-समय पर सामंजस्य स्थापित करता रहता है

94. Which one of the following cannot be attributed to Leibnitz?

(1) Qualitative difference in monads

(2) Quantitative difference in monads

(3) Plurality of monads

(4) Monads as centres of consciousness

निम्नलिखित में से किसे लाइबनिट्ज के साथ नहीं जोड़ा जा सकता?

(1) चिद्‌बिन्दुओं में गुणात्मक भेद

(2) चिद्‌बिन्दुओं में संख्यात्मक भेद

(3) चिद्‌बिन्दुओं की अनेकता

(4) चिद्‌बिन्दु चेतना के केन्द्र के रूप में

95. Which one of the following believes that all knowledge is innate?

(1) Leibnitz (2) Locke (3) Kant (4) Hume

निम्नलिखित में से कौन मानता है कि सारा ज्ञान जन्मजात होता है?

(1) लाइबनिट्ज (2) लॉक (3) काण्ट (4) ह्यूम

96. Which one of the following refutes the theory of innate ideas?

(1) Descartes (2) Locke (3) Berkeley (4) Kant

निम्नलिखित में से कौन जन्मजात प्रत्ययों के सिद्धान्त का खंडन करता है?

(1) देकार्त (2) लॉक (3) बर्कले (4) काण्ट

97. Which one of the following is known as 'God intoxicated philosopher'?

(1) Kant (2) Plato (3) Leibnitz (4) Spinoza

निम्नलिखित में से कौन 'ईश्वरोन्मत्त दार्शनिक' के रूप में जाना जाता है?

(1) काण्ट (2) प्लेटो (3) लाइबनिट्ज (4) स्पिनोजा

98. Which one of the following offers occasionalism as a solution to the problem of mind-body relation?

(1) Descartes (2) Spinoza (3) Geulinx (4) Leibnitz

निम्नलिखित में से कौन मन-शरीर सम्बन्ध की समस्या की व्याख्या के लिए अवसरवाद का सिद्धान्त प्रस्तुत करता है?

(1) देकार्त (2) स्पिनोजा (3) ग्यूलिंक्स (4) लाइबनिट्ज

99. "Substance is something I know not what." This view is held by

(1) Locke (2) Berkeley (3) Descartes (4) Hume

"द्रव्य कोई सत्ता है जिसे मैं नहीं जानता कि वह क्या है।" यह मत किसका है?

(1) लॉक (2) बर्कले (3) देकार्त (4) ह्यूम

100. According to Locke the secondary qualities are

(1) unreal (2) subject-dependent

(3) object-dependent (4) imaginary

लॉक के अनुसार उपगुण हैं

(1) अवास्तविक (2) ज्ञाता पर निर्भर (3) वस्तु पर निर्भर (4) काल्पनिक

101. Which one of the following is an instance of mixed modes according to Locke?

(1) Idea of soul (2) Idea of beauty (3) Idea of God (4) Idea of matter

लॉक के अनुसार निम्नलिखित में से कौन मिश्रित प्रकार (मोड) का दृष्टान्त है?

(1) आत्मा का प्रत्यय (2) सौंदर्य का प्रत्यय (3) ईश्वर का प्रत्यय (4) द्रव्य का प्रत्यय

102. Which one of the following is not a certain knowledge according to Locke?

(1) A triangle has three angles (2) Triangle is not circular

(3) Actual triangle exists (4) A triangle has three arms

लॉक के अनुसार निम्नलिखित में से कौन निश्चित ज्ञान नहीं है?

(1) एक त्रिभुज में तीन कोण होते हैं (2) त्रिभुज गोलाकार नहीं होता

(3) वास्तविक त्रिभुज की सत्ता होती है (4) एक त्रिभुज में तीन भुजायें होती हैं

103. According to Locke God is

(1) passive (2) Both passive and active

(3) active (4) Neither passive nor active

लॉक के अनुसार ईश्वर है

(1) निष्क्रिय (2) निष्क्रिय तथा सक्रिय दोनों

(3) सक्रिय (4) न निष्क्रिय, न सक्रिय

**104.** Mind according to Locke is

(1) Both active and passive
(2) active only
(3) passive only
(4) Neither active nor passive

लॉक के अनुसार मन है

(1) सक्रिय तथा निष्क्रिय दोनों
(2) केवल सक्रिय
(3) केवल निष्क्रिय
(4) न सक्रिय, न निष्क्रिय

**105.** According to Locke, we know

(1) the essence of God
(2) that God's idea is innate
(3) that God's existence is uncertain
(4) that God exists

लॉक के अनुसार हम जानते हैं कि

(1) ईश्वर का सारतत्व क्या है
(2) ईश्वर का प्रत्यय जन्मजात है
(3) ईश्वर की सत्ता अनिश्चित है
(4) ईश्वर की सत्ता है

**106.** Berkeley is

(1) an atheist
(2) an idealist
(3) a materialist
(4) a rationalist

बर्कले है

(1) निरीश्वरवादी
(2) प्रत्ययवादी
(3) भौतिकवादी
(4) बुद्धिवादी

**107.** Which one of the following is not true according to Berkeley?

(1) There is some cause of ideas
(2) That cause is spirit
(3) Spirit is active
(4) We can perceive spirit

बर्कले के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सही नहीं है?

(1) प्रत्ययों का कोई कारण होता है
(2) वह कारण आत्मा है
(3) आत्मा सक्रिय है
(4) हम आत्मा का प्रत्यक्षण कर सकते हैं

**108.** According to Berkeley, the idea of sleep and the idea of refreshment are

(1) naturally connected
(2) connected by God
(3) logically connected
(4) not connected at all

बर्कले के अनुसार नींद के प्रत्यय तथा ताजगी के प्रत्यय में

(1) स्वाभाविक सम्बन्ध है
(2) ईश्वर द्वारा निर्धारित सम्बन्ध है
(3) तार्किक सम्बन्ध है
(4) कोई सम्बन्ध नहीं है

**109.** According to Hume

(1) impressions are copies of ideas
(2) impressions and ideas are independent
(3) ideas are copies of impressions
(4) all our knowledge arises from ideas

ह्यूम के अनुसार

(1) संस्कार प्रत्ययों की प्रतिलिपियाँ हैं
(2) संस्कार तथा प्रत्यय स्वतंत्र हैं
(3) प्रत्यय संस्कारों की प्रतिलिपियाँ हैं
(4) हमारा सारा ज्ञान प्रत्ययों से उत्पन्न होता है

**110.** Space according to Kant is

(1) an intuition
(2) a concept
(3) independent object
(4) relation between objects

काण्ट के अनुसार दिक् है

(1) संवेदन
(2) सम्प्रत्यय
(3) स्वतंत्र वस्तु
(4) वस्तुओं के बीच सम्बन्ध

**111.** Which one of the following gives necessary knowledge but not new knowledge according to Kant?

(1) Analytic statement
(2) Synthetic statement
(3) Synthetic a priori statement
(4) Synthetic a posteriori statement

काण्ट के अनुसार निम्नलिखित में से कौन अनिवार्य ज्ञान देता है किन्तु नया ज्ञान नहीं देता?

(1) विश्लेषणात्मक कथन
(2) संश्लेषणात्मक कथन
(3) संश्लेषणात्मक प्रागनुभविक कथन
(4) संश्लेषणात्मक अनुभवजन्य कथन

**112.** The source of human knowledge according to Kant is

(1) divine reason
(2) sensibility
(3) understanding
(4) Both sensibility and understanding

काण्ट के अनुसार मानव-ज्ञान का स्रोत है

(1) दैवी बुद्धि
(2) संवेदना
(3) तर्कबुद्धि
(4) संवेदना तथा तर्कबुद्धि दोनों

**113.** The a priori categories of understanding according to Kant can be used with regard to the

(1) transcendent only

(2) empirical only

(3) Both transcendent and empirical

(4) Neither transcendent nor empirical

काण्ट के अनुसार तर्कबुद्धि के प्रागनुभविक सम्प्रत्ययों का प्रयोग किसके सम्बन्ध में किया जा सकता है?

(1) अनुभवातीत के सम्बन्ध में

(2) इंद्रियानुभविक के सम्बन्ध में

(3) अनुभवातीत तथा इंद्रियानुभविक दोनों के सम्बन्ध में

(4) न अनुभवातीत, न इंद्रियानुभविक के सम्बन्ध में

**114.** According to Kant

(1) things exist in a real space

(2) things can exist without space

(3) space can be without things

(4) space cannot be without things

काण्ट के अनुसार

(1) वस्तुएँ वास्तविक दिक् में होती हैं

(2) वस्तुएँ दिक् के बिना हो सकती हैं

(3) दिक् वस्तुओं के बिना हो सकता है

(4) दिक् वस्तुओं के बिना नहीं हो सकता

**115.** Time according to Kant is

(1) real thing

(2) property of real things

(3) category of understanding

(4) form of sensibility

काण्ट के अनुसार काल है

(1) वास्तविक वस्तु
(2) वास्तविक वस्तुओं का गुण
(3) तर्कबुद्धि की कोटि
(4) संवेदना का आकार

**116.** The number of the categories of understanding according to Kant is

काण्ट के अनुसार तर्कबुद्धि की कोटियों की संख्या है

(1) 12
(2) 16
(3) 8
(4) 20

**117.** Kant's philosophical method is

(1) mathematical
(2) deductive
(3) inductive
(4) transcendental

काण्ट की दार्शनिक पद्धति है

(1) गणितीय
(2) निगमनात्मक
(3) आगमनात्मक
(4) अनुभवातीत

**118.** Which one of the following is true according to Kant?

(1) I know myself as I am
(2) I know things as they are
(3) I can think of myself
(4) I know only my ideas

काण्ट के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सही है?

(1) मैं स्वयं को उस रूप में जानता हूँ जिस रूप में मैं हूँ
(2) मैं वस्तुओं को उस रूप में जानता हूँ जिस रूप में वे हैं
(3) मैं स्वयं के बारे में सोच सकता हूँ
(4) मैं केवल अपने प्रत्ययों को जानता हूँ

**119.** According to Kant, we receive the content of knowledge from

(1) understanding (2) sensibility

(3) reason (4) God

काण्ट के अनुसार ज्ञान की सामग्री हमें प्राप्त होती है

(1) तर्कबुद्धि से (2) संवेदना से (3) शुद्धबुद्धि से (4) ईश्वर से

**120.** The source of transcendental illusion according to Kant is

(1) sensibility (2) understanding

(3) reason (4) God

काण्ट के अनुसार अनुभवातीत भ्रम का स्रोत है

(1) संवेदना (2) तर्कबुद्धि (3) शुद्धबुद्धि (4) ईश्वर

**121.** According to Kant things-in-themselves can be

(1) known (2) known and thought

(3) thought (4) Neither known nor thought

काण्ट के अनुसार स्वयं-में-वस्तुएँ

(1) जानी जा सकती हैं (2) जानी तथा सोची जा सकती हैं

(3) सोची जा सकती हैं (4) न सोची जा सकती हैं, न जानी जा सकती हैं

**122.** Self according to Kant is

(1) a simple substance (2) a complex substance

(3) a logical principle (4) a psychological principle

काण्ट के अनुसार आत्मा है एक

(1) सरल द्रव्य (2) मिश्र द्रव्य (3) तार्किक तत्व (4) मनोवैज्ञानिक तत्व

**123.** According to Kant

(1) object follows knowledge
(2) knowledge follows object
(3) object is known as it is
(4) knowledge knows the ideas of mind

काण्ट के अनुसार

(1) वस्तु ज्ञान का अनुसरण करती है
(2) ज्ञान वस्तु का अनुसरण करता है
(3) वस्तु जैसी है वैसी ही जानी जाती है
(4) ज्ञान मन के प्रत्ययों को जानता है

**124.** Which one of the following believes that everything is based on ego?

(1) Descartes (2) Kant (3) Hegel (4) Fichte

निम्नलिखित में से कौन मानता है कि सब कुछ आत्मा पर आश्रित है?

(1) देकार्त (2) काण्ट (3) हीगेल (4) फिक्टे

**125.** Which one of the following believes that nature is visible spirit and spirit is invisible nature?

(1) Fichte (2) Schelling (3) Hegel (4) Kant

निम्नलिखित में से कौन मानता है कि प्रकृति दृश्य चित् है और चित् अदृश्य प्रकृति है?

(1) फिक्टे (2) शेलिंग (3) हीगेल (4) काण्ट

**126.** Absolute is the "night in which all cows are black". This is a criticism

(1) by Hegel against Schelling
(2) by Hegel against Spinoza
(3) by Hegel against Kant
(4) by Hegel against Fichte

निरपेक्ष तत्व "वह रात्रि है जिसमें सभी गायें काली हैं"। यह आलोचना है

(1) हीगेल की शेलिंग के विरुद्ध (2) हीगेल की स्पिनोजा के विरुद्ध

(3) हीगेल की काण्ट के विरुद्ध (4) हीगेल की फिक्टे के विरुद्ध

**127.** Which one of the following maintains that contradiction is the root of all life and movement?

(1) Plato (2) Kant (3) Hegel (4) Spinoza

निम्नलिखित में से कौन मानता है कि विरोध समस्त जीवन एवं गति के मूल में है?

(1) प्लेटो (2) काण्ट (3) हीगेल (4) स्पिनोजा

**128.** Which one of the following is unconditionally good according to Kant?

(1) Knowledge (2) Power (3) Wealth (4) Good will

काण्ट के अनुसार निम्नलिखित में से कौन निरुपाधिक रूप से शुभ है?

(1) ज्ञान (2) शक्ति (3) सम्पत्ति (4) शुभ संकल्प

**129.** According to Kant, an act is good if it is done

(1) from self-love (2) from inclination

(3) from respect for moral law (4) from sympathy

काण्ट के अनुसार कोई कार्य शुभ है, यदि वह

(1) आत्म-प्रेम से किया जाता है

(2) प्रवृत्तिवश किया जाता है

(3) नैतिक नियम के प्रति आदर-भाव से किया जाता है

(4) सहानुभूति से किया जाता है

130. Which one of the following is not true according to Kant?

(1) Moral man is worthy of happiness

(2) Obedience to morality guarantees happiness

(3) Obedience to morality does not guarantee happiness

(4) The highest good can be realized only in the life to come

निम्नलिखित में से कौन काण्ट के अनुसार सही नहीं है?

(1) मनुष्य सुख पाने का अधिकारी है

(2) नैतिकता का पालन सुख का आश्वासन देता है

(3) नैतिकता का पालन सुख का आश्वासन नहीं देता

(4) सर्वोच्च शुभ आगामी जीवन में ही प्राप्त हो सकता है

131. Good will according to Kant is

(1) rational will (2) divine will (3) social will (4) emotional will

काण्ट के अनुसार शुभ संकल्प है

(1) बौद्धिक संकल्प (2) दैवी संकल्प (3) सामाजिक संकल्प (4) भावनात्मक संकल्प

132. Which one of the following is a gross egoistic hedonist?

(1) Epicurus (2) Aristippus (3) Bentham (4) Mill

निम्नलिखित में से कौन एक स्थूल स्वार्थपरक सुखवादी है?

(1) इपीक्यूरस (2) अरिस्टिपस (3) बेन्थम (4) मिल

133. Superiority of a pleasure according to Bentham is judged on the ground of its

(1) quality (2) quantity

(3) Both quality and quantity (4) Neither quality nor quantity

बेन्थम के अनुसार किसी सुख की श्रेष्ठता का निर्णय किस आधार पर किया जाना चाहिए?

(1) गुण (2) मात्रा

(3) गुण तथा मात्रा दोनों (4) न गुण, न मात्रा

**134.** What according to Bentham leads man from egoism to utilitarianism?

(1) Internal sanctions (2) Sense of human dignity

(3) External sanctions (4) Man's rationality

बेन्थम के अनुसार कौन-सा कारण व्यक्ति को स्वार्थवाद से उपयोगितावाद की ओर ले जाता है?

(1) आन्तरिक अंकुश (2) मानव गरिमा का बोध

(3) बाह्य अंकुश (4) मनुष्य की विवेकशीलता

**135.** Which one of the following holds that the most highly evolved conduct yields the greatest amount of happiness?

(1) Bentham (2) Mill (3) Butler (4) Spencer

निम्नलिखित में से कौन मानता है कि सर्वाधिक उत्कृष्ट रूप से विकसित आचरण अधिकतम मात्रा में सुखोत्पादक है?

(1) बेन्थम (2) मिल (3) बटलर (4) स्पेन्सर

**136.** The ethical ideal of perfectionism is

(1) self-realization (2) God-realization

(3) performance of duty (4) happiness in future life

पूर्णतावाद का नैतिक आदर्श है

(1) आत्मलाभ (2) ईश्वर की प्राप्ति

(3) कर्तव्य पालन (4) भावी जीवन में सुख

**137.** The concept of 'my station and its duties' has been advocated by

(1) Hegel (2) Kant (3) Bradley (4) Butler

'मेरा स्थान तथा उसके कर्त्तव्य' की अवधारणा का प्रतिपादन किसने किया है?

(1) हीगेल (2) काण्ट (3) ब्रैडले (4) बटलर

**138.** The principle of categorical imperative has been propounded by

(1) Mill (2) Hegel (3) Bradley (4) Kant

निरुपाधिक आदेश के सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया है?

(1) मिल (2) हीगेल (3) ब्रैडले (4) काण्ट

**139.** Which one of the following is the support of the other Ashramas?

(1) Sanyasa (2) Vanaprastha (3) Brahmacarya (4) Grihastha

निम्नलिखित में से कौन अन्य आश्रमों का पोषक है?

(1) संन्यास (2) वानप्रस्थ (3) ब्रह्मचर्य (4) गृहस्थ

**140.** According to the Gita, the four Varnas have been created on the ground of

(1) Jati (2) Guna

(3) Guna and Karma (4) Karma

गीता के अनुसार चार वर्णों की रचना का आधार है

(1) जाति (2) गुण (3) गुण और कर्म (4) कर्म

141. Risi Rina means

(1) performing sacrifice to please the Gods

(2) worshipping the forefathers

(3) promoting the teachings and principles of teachers

(4) to take Sanyasa

ऋषि ऋण का अर्थ है

(1) देवताओं को प्रसन्न करने के लिए यज्ञ करना

(2) पितरों की पूजा करना

(3) गुरुओं की शिक्षाओं तथा सिद्धान्तों का प्रसार करना

(4) संन्यास ग्रहण करना

142. The ideal of Bodhisattva has been accepted in

(1) Mahayana Buddhism

(2) Hinayana Buddhism

(3) Jainism

(4) All schools of Indian Philosophy

बोधिसत्त्व का आदर्श स्वीकार किया गया है

(1) महायान बौद्ध में

(2) हीनयान बौद्ध में

(3) जैन दर्शन में

(4) भारतीय दर्शन के सभी सम्प्रदायों में

143. Which one of the following actions have been done in the past but have not started yielding fruits?

(1) Prarabdha

(2) Sancita

(3) Kriyamana

(4) Prarabdha and Sancita

निम्नलिखित में से कौन कर्म पूर्व में किये गये हैं किन्तु अभी फल देना प्रारम्भ नहीं किये हैं?

(1) प्रारब्ध (2) संचित (3) क्रियमाण (4) प्रारब्ध और संचित

**144.** Which one of the following actions can be exhausted by reaping their fruits?

(1) Sancita (2) Kriyamana

(3) Sancita and Prarabdha (4) Prarabdha

निम्नलिखित में से किन कर्मों का क्षय उनके फलों को भोग कर किया जा सकता है?

(1) संचित (2) क्रियमाण (3) संचित और प्रारब्ध (4) प्रारब्ध

**145.** Which one of the following does not accept the ideal of Jivanamukti?

(1) Advaita Vedanta (2) Samkhya

(3) Visistadvaita Vedanta (4) Gita

निम्नलिखित में से कौन जीवनमुक्ति के आदर्श को नहीं स्वीकार करता?

(1) अद्वैत वेदान्त (2) सांख्य (3) विशिष्टाद्वैत वेदान्त (4) गीता

**146.** Which one of the following arguments proves the existence of God from the idea of perfection?

(1) Ontological (2) Cosmological (3) Teleological (4) Moral

निम्नलिखित में से कौन युक्ति पूर्णता के आधार से ईश्वर की सत्ता सिद्ध करती है?

(1) प्रत्यय-सत्तामूलक (2) विश्वमूलक (3) प्रयोजनमूलक (4) नैतिक

निम्नलिखित में से कौन आत्मा को नहीं मानता किन्तु कर्म-सिद्धान्त को मानता है?

(1) चार्वाक (2) बौद्ध (3) जैन (4) मीमांसा

**148.** Which one of the following believes that devotion is the path of liberation?

(1) Advaita Vedanta (2) Samkhya

(3) Mimamsa (4) Visistadvaita Vedanta

निम्नलिखित में से कौन मानता है कि भक्ति मोक्ष का मार्ग है?

(1) अद्वैत वेदान्त (2) सांख्य (3) मीमांसा (4) विशिष्टाद्वैत वेदान्त

**149.** Which one of the following is a pantheist?

(1) Descartes (2) Spinoza (3) Leibnitz (4) Hegel

निम्नलिखित में से कौन सर्वेश्वरवादी है?

(1) देकार्त (2) स्पिनोजा (3) लाइबनिट्ज़ (4) हीगेल

**150.** Which one of the following arguments for God's existence has not been refuted by Kant?

(1) Moral (2) Cosmological (3) Teleological (4) Ontological

ईश्वर के अस्तित्व के लिए निम्नलिखित युक्तियों में से किसका खंडन काण्ट ने नहीं किया है?

(1) नैतिक (2) विश्वमूलक (3) प्रयोजनमूलक (4) प्रत्यय-प्रमाण

***